दैनिक भास्कर
बड़वानी भास्कर 04-10-2024

पुराने भवन को तोड़कर बनाएंगे स्कूल गोशाला में 100 गायों का होगा पालन

मटली की विशेष ग्रामसभा में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

भास्कर संवाददाता | पलसूद

समीपस्थ ग्राम मटली में गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया। केंद्र व राज्य सरकार से ग्राम पंचायत मटली का चयन हुआ। विशेष ग्रामसभा में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पास किए। सरपंच गुलाल्या कनास्या ने बताया ग्रामसभा में पुराने स्कूल भवनों को तोड़कर नए भवन बनाने का प्रस्ताव, ग्रिड के पास बन रही गोशाला में 100 गायों का पालन पोषण कर रखने, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने व अन्य कई प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई। जिले में चुनिंदा स्थानों पर ही गांधी प्रतिमा स्थापित की गई है। मटली भी उन्हीं में से एक है। 44 साल पहले यहां चबूतरा बनाकर गांधी प्रतिमा स्थापित की गई थी। प्रतिमा के आसपास बाउंड्रीवॉल का निर्माण भी किया गया। रखरखाव के अभाव में गांधी स्मारक जीर्ण शीर्ण हो रहा था। वर्तमान सरपंच गुलाल्या कनास्या ने स्मारक की मरम्मत कराकर रंग रोगन कराया। ग्रामसभा में ग्रामवासियों सहित सचिव वाहरिया कनोजे व शासकीय अधिकारी मौजूद थे।

ग्रामसभा में प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधि व अन्य।